# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : पी0ए0/4979
दिनांक : 28.01.2022

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

**विषय : विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालय के प्रवेश पोर्टल पर दिये गये लिंक पर सूचना प्रत्येक माह 29 तारीख तक उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषय अपर मुख्य सचिव राज्यपाल सचिवालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या–ए0सी0एस0–कैम्प/325/2021 दिनांक 30.11.2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षको की संख्या/शिक्षकों द्वारा प्रत्येक माह में प्रकाशित पेपरों की संख्या/शिक्षकों द्वारा वर्तमान शैक्षिक सत्र में प्रकाशित पेपरों की संख्या उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

उक्त के क्रम में मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार आपको निर्देशित किया जाता है कि आप अपने–अपने महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षको की संख्या/शिक्षकों द्वारा प्रत्येक माह में प्रकाशित पेपरों की संख्या/शिक्षकों द्वारा वर्तमान शैक्षिक सत्र में प्रकाशित पेपरों की संख्या विश्वविद्यालय द्वारा दिये गये महाविद्यालय के प्रवेश पोर्टल के लिंक पर सूचना प्रत्येक माह की 29 तारीख का प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराने का कष्ट करें। यदि किसी भी महाविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि तक उपरोक्त सूचना उपलब्ध नही करायी जाती है तो सम्बन्धित महाविद्यालय के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी जिसका समस्त महाविद्यालय के प्राचार्य/प्राचार्या का होगा।

अतः उपरोक्त आदेशों का कडाई से अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,
28/01/2022
कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
02. प्रति–कुलपति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।
03. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,मेरठ।
04. ई0 संदीप अग्रवाल, एस0सी0आर0आई0ई0टी0, को सचूनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
05. विश्वविद्यालय, प्रैसप्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।
06. प्रभारी, वेबसाइट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।

कुलसचिव